**खबर संक्षेप**

### गुरुपूर्णिमा पर शिरडी साईं मंदिर में होंगे आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सच्चिदानंद सेवा समिति श्री शिरडी साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया है। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 29 जुलाई को शिरडी साईं मंदिर में प्रातः 5:30 बजे बाबा का अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार सौ. प्रीति प्रकाश सायखेड़कर द्वारा किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के उत्सव हेतु मंदिर की भव्य साज-सज्जा की गई है। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती के उपरांत भक्तों हेतु बूंदी प्रसाद की व्यवस्था की गई है। शाम 7 बजे धूप आरती एवं भक्तों के दर्शन हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। रात्रि 10 बजे शेज आरती के साथ उत्सव का समापन होगा। सच्चिदानंद सेवा समिति जयंत बक्षी, शिव माटे, धर्मेन्द्र भार्गव, देवराव उपासे, मनोज वाघमारे, नीरज डोले, रोहन ठाकुर, वीरेंद्र अल्दक, मनीष असाटी ने सभी धर्मप्रेमियों से उपस्थित होकर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

### 3 लाख हस्ताक्षरों वाला जिला कलेक्टर को मांग पत्र

**छिंदवाड़ा।** गो सम्मान अभियान के दूसरे चरण में 27 जुलाई 2026 को पूरे हिंदुस्तान के जिला कलेक्टरों को 20 करोड़ हस्ताक्षर देकर गौ माता को राष्ट्रमाता बनाना गो माता की चरणोंई की भूमि वापस लेना गो हत्या पर पूर्ड प्रतिबंध लगे इस मांग को लेकर आज छिंदवाड़ा जिले के समस्त को भक्तों ने छोटी बाजार राम मंदिर से श्री राम कीर्तन सुबह 10:00 बजे प्रारंभ होकर वहां से गौ माता सम्मान यात्रा 12:00 बजे प्रारंभ होकर जिला कलेक्टर पहुंची और वहां पर3 लाख हस्ताक्षर वाली पेन ड्राइव एवं पत्रक मांग पत्र माननीय प्रधानमंत्री जी राष्ट्रपति जी मुख्यमंत्री जी और राज्यपाल के नाम देकर यह मांग की गई है कि अति शीघ्र गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए गोचरण भूमि को अति शीघ्र खाली करवाया जाए गौ हत्या पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए अन्यथा आने वाले समय में और आंदोलन कर मुख्यमंत्री निवास और कार्यालय जाकर मांग करने का संकल्प लिया गया।

### करोड़ों रुपये का अवैध कारोबार, निगरानी के अभाव में फल-फूल रहा नेटवर्क

# शहर में नकली ऑटो पार्ट्स का बढ़ता कारोबार

## ग्राहकों की अनभिज्ञता बन रही ठगों की सबसे बड़ी ताकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

महिंद्रा कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स की हालिया कार्रवाई ने एक बार फिर शहर में फल-फूल रहे नकली ऑटो पार्ट्स के बड़े कारोबार की पोल खोल दी है। हालांकि यह समस्या केवल महिंद्रा कंपनी तक सीमित नहीं है, बल्कि कई नामी ऑटोमोबाइल कंपनियों के नकली पार्ट्स और इंजन ऑयल भी खुलेआम बाजार में बेचे जा रहे हैं। समय-समय पर कुछ कंपनियां अपने स्तर पर कार्रवाई करती हैं, लेकिन अधिकांश कंपनियों की ओर से लगातार निगरानी और कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण यह अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है।

ऑटो पार्ट्स बाजार से जुड़े जानकारों का कहना है कि नकली सामान बेचने वाले गिरोह ग्राहकों की अनभिज्ञता का पूरा फायदा उठाते हैं। अधिकांश वाहन मालिक यह पहचान ही नहीं पाते कि जो पार्ट्स या इंजन ऑयल उनकी गाड़ी में लगाया जा रहा है, वह असली है या नकली। यही कारण है कि डुप्लीकेट सामान की मांग लगातार बनी रहती है और यह कारोबार करोड़ों रुपये तक पहुंच चुका है।

नकली ऑटो पार्ट्स की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वे असली सामान की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध हो जाते हैं। सस्ते दाम के लालच में कई ग्राहक बिना बिल और बिना अधिकृत विक्रेता से सामान खरीद लेते हैं। बाद में यही सस्ता सामान महंगा साबित होता है, क्योंकि इससे वाहन के इंजन, फिल्टर, ब्रेक सिस्टम और अन्य महत्वपूर्ण पुर्जों को नुकसान पहुंचता है। कई मामलों में वाहन की कार्यक्षमता प्रभावित होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार सबसे अधिक चिंता का विषय नकली इंजन ऑयल है। बाजार में कई ब्रांडों के नाम से डुप्लीकेट इंजन ऑयल बेचे जा रहे हैं। ऐसे ऑयल का उपयोग करने से इंजन को पर्याप्त चिकनाई नहीं मिलती, जिसके कारण इंजन तेजी से घिसता है, माइलेज घटता है और महंगे मरम्मत खर्च का सामना करना पड़ता है। कई वाहन समय से पहले ही खराब हो रहे हैं, जिससे वाहन मालिकों को हजारों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हाल ही में महिंद्रा कंपनी और कोतवाली पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में संदिग्ध डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि शहर में नकली सामान का नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सभी वाहन निर्माता कंपनियां समय-समय पर बाजार की निगरानी करें और पुलिस के साथ मिलकर लगातार अभियान चलाएं, तो इस अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### वाहन मालिकों को सावधानी बरतने की जरूरत

वाहन मालिकों को भी सावधानी बरतने की जरूरत है। ऑटो पार्ट्स या इंजन ऑयल हमेशा अधिकृत डीलर या विश्वसनीय विक्रेता से ही खरीदना चाहिए। खरीदारी के समय बिल लेना, पैकेजिंग, होलोग्राम, क्यूआर कोड और अन्य सुरक्षा चिन्हों की जांच करना भी आवश्यक है। केवल कुछ रुपये बचाने के लिए सस्ता और संदिग्ध सामान खरीदना भविष्य में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि नकली ऑटो पार्ट्स का कारोबार केवल कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। यदि इस पर समय रहते सख्ती नहीं की गई, तो वाहन मालिकों का आर्थिक नुकसान बढ़ने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। इसलिए प्रशासन, वाहन निर्माता कंपनियों और ग्राहकों—तीनों को मिलकर इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।



### कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

## जनसुनवाई के प्रकरणों का एक सप्ताह में हो निराकरण: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में समय-सीमा प्रकरणों के साथ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की । इस दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शअग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

#### जनसुनवाई के प्रकरणों का एक सप्ताह में हो निराकरण

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निराकरण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पिछले सप्ताह दिए गए निर्देशों के पालन की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों से जानकारी ली कि गत सप्ताह प्राप्त शिकायतों में से कितने प्रकरणों का निराकरण कर जवाब दिया गया और कितने प्रकरण अभी लंबित हैं। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### स्थानांतरित आंगनबाड़ी केंद्रों की फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सर्वसुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जिन 412 आंगनबाड़ी केंद्रों को नए भवनों में स्थानांतरित किया जा चुका है, उनकी फोटो सहित जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

#### श्रम योगी मानधन योजना में लक्ष्य प्राप्ति में लाएं तेजी

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा के दौरान उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग को बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने तथा निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। **मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ाएं सैंपलिंग और निगरानी** - जिले में बढ़ते मलेरिया के मामलों को देखते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सैंपलिंग कराई जाए, हॉटस्पॉट क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जाए तथा मलेरिया नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सांसद रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले

**छिंदवाड़ा।** अपने संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास करने के साथ ही छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में रेलवे यात्रियों को करोड़ों की सौगात दिलाने वाले संवेदनषील सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकसभा के मानसुन सत्र के दौरान एक बाद फिर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की है। रेलमंत्री ने सांसद व्दारा दिये गये रेल सुविधाओं की मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा भी की है। नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर सांसद बंटी विवेक साहू ने माँ शारदा जी का पावन छायाचित्र भेंट किया तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा एवं जुन्नारदेव रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के लिए माननीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के समग्र रेल विकास हेतु सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया। रेलमंत्री ने सांसद श्री साहू को उनकी और से हरसंभव सहयोग का आष्वासन भी दिया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने रेलमंत्री को बताया कि मेरी लोकसभा क्षेत्र छिन्दवाडा-पाण्डुर्णा अब रेलवे मंत्रालय की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की वजह से रेल सुविधाओं से सम्पन्न होता जा रहा है, किन्तु अभी भी कुछ आवश्यक रेल गाड़ियों का विस्तार, स्टेशनों का आधुनिकीकरण, सवारी गाड़ियों के स्टापेज और संचालन की आवश्यकता है। सांसद विवेक बंटी साहू ने रेल मंत्री से नरसिंहपुर होते हुये सागर तक रेल्वे लाईन की स्वीकृति प्रदान करने एवं छिंदवाड़ा से आमला तक डबल ट्रेक किये जाने की मांग की। सांसद श्री साहू ने दादाधाम एक्सप्रेस को पुनः प्रारम्भ किये जाने का निवेदन रेलमंत्री से किया है। उन्होंने रेलमंत्री को बताया कि छिंदवाड़ा से नागपुर, पांढुर्णा, सौंसर, मुलताई, बैतुल जिले में श्री दादा धूनी वाले के अन्नत भक्तगण रहते हैं, जिन्हें खंडवा जाने के लिए एकमात्र ट्रैन दादाधाम एक्सप्रेस थी जिसे बंद कर दिया गया है।



### गुलाबरा मंडल मे महापौर की प्रमुख उपस्थिति में देखा और सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को साईं धाम कॉलोनी वार्ड क्रमांक 45 के बूथ क्रमांक 64 पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, समाज सेवा, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया, पार्षद भूरा भावरकर, बूथ अध्यक्ष राजेश राउत, ममता डोगरे,वरिष्ठ नेता गयासुद्दीन पाशा, मनेश सोनी, नीरज ब्रह्मवंशी, नरेंद्र चौकसे, अरविंद चौधरी, महेश गदेवाल, आशु चौधरी, अजय काल, गौरव सूर्यवंशी, राहुल कडू एवं सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा

## खड़े डंपर में घुसी तेज रफ्तार बाइक, एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर मिडे होटल के पास सांवली जाम क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े डंपर एम एच 40 बी एल 1758) में पीछे से जा घुसी। इस भीषण टक्कर में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूत्रों के अनुसार, बोरगांव की ओर से आ रहे ये युवक बड़ोसा निवासी राम भरोसा के पास जा रहे थे। हादसे में सुधाकर इवनाती, राजकुमार धुर्वे और अनिल धुर्वे (सभी निवासी बड़ोसा) बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान इस मार्ग से गुजर रहे कांग्रेस नेता सुभाष आमने और स्थानीय ग्रामीणों ने मानवीय दृष्टिकोण दिखाते हुए तुरंत एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सौसर अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल सुधाकर इवनाती की मौत हो गई। वहीं, राजकुमार धुर्वे और अनिल धुर्वे की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया है।

इस मर्मस्पर्शी हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। फिलहाल, सौसर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के असल कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### जिले में अभी तक 417.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 417.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 558 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील अमरवाड़ा में 5.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 272, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 439.4, चौरई में 530.2, हर्रई में 387.5, बिछुआ 371.1, परासिया में 298.1, जुन्नारदेव में 390.4, चांद में 557.9 और उमरेठ में 475.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### नगर मंडल अध्यक्ष बजोलिया ने शक्ति केन्द्र की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर दिया जोर



**छिंदवाड़ा।** भाजपा नगर मंडल-4 अंतर्गत शक्ति केन्द्र परतला वार्ड नंबर 48 की मासिक कामकाजी बैठक परासिया रोड स्थित संजू रेस्टोरेंट में आयोजित हुई। इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण और आगामी कार्ययोजना पर दूरदर्शी एवं सकारात्मक संवाद हुआ, जो संगठन को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा। बैठक में गुलाबरा नगर मंडल 4 अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं का डिजीटल प्रशिक्षण एवं डिजीटाइजेशन, बूथ कार्यकारिणी में संशोधन एवं डिजीटल अपडेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकल्प, समर्पण, संगठन के सूत्र के साथ हम सेवा और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं स वार्ड प्रभारी बिट्टू मंडराह ने सभी कार्यकर्ताओं को मिल जुलकर पार्टी हित में कार्य करने के लिए कहा। बैठक में महामंत्री अंकित तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रतिमाह प्रत्येक बूथ पर आयोजित किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में जिला सह कोषाध्यक्ष विजेंद्र चौहान, वार्ड प्रभारी बिट्टू मंडराह, मंत्री विशाल कराड़े, मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह चौधरी, बूथ अध्यक्ष विक्की रायसने, राहुल भट्ट, बीएलए विकास बिसंदरे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलखन दीक्षित, ईश्वर सिंह चौरिया, विजेंद्र भार्गव, कमल वाजपेयी, वीरेंद्र शुक्ला, पंकज साहू, महेश चंद्र बड़ोनिया, राहुल राठौर, जितेन्द्र कुमारे, बंटी उइके, अजय नायक आदि मौजूद रहे।

### वादा करके भूला वेकोलि प्रबंधन 17 दिनों से नहीं मिला पानी

#### ना बिजली उप सरपंच ने लिखा स्मरण पत्र

**इकलेहरा / परासिया :-** ग्राम पंचायत इकलेहरा के लोगों से वेकोलि प्रबंधन वादा करके भूल गया । प्रबंधन ने इकलेहरा वासियों की पानी और बिजली की समस्या जल्द ठीक करने को कहा था , बीते 17 दिनों से लोगों को पानी नहीं मिला और न ही बिजली की समस्या हल हुई । ग्राम के उप सरपंच फखरुल सिद्दीकी ने न्यूटन / इकलेहरा उप क्षेत्रीय प्रबंधक को स्मरण पत्र लिखा है ।गौरतलब है , कि विगत 8 जुलाई को इकलेहरा के लोगों द्वारा बिजली और पानी की समस्या को लेकर चक्का जाम कर दिया गया था , तब वेकोलि प्रबंधन के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और आंदोलनकारियों से एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान करने को कहा था , तब लोगों ने मौजूद अधिकारियों की बातों पर यकीन कर चक्का जाम खोल दिया था । उप सरपंच फखरुल सिद्दीकी कहते हैं , कि 17 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने अपना वादा पूरा नहीं किया । लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं । यहां पानी और बिजली की व्यवस्था वेकोलि द्वारा की जाती है , अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है । पानी नहीं मिलने से कई समस्याएं हो रही है । प्रबंधन के साथ - साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी पत्र के माध्यम से स्मरण कराया गया है , कि वेकोलि प्रबंधन से वादा पूरा कराया जा सके ।

### एक पौधा शहीदों के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिले के विकासखंड परासिया के न्यूटन चिखली (नंबर-4) स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर आज श्रद्धांजलि एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध के अमर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत ₹एक पौधा शहीदों के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कारगिल शहीद स्मारक के निर्माण में योगदान देने वाले रविशंकर विश्वकर्मा, विनोद मंडलोई, दीपक गेडाम मौजूद रहे।

### संत रविदास की 650वीं जयंती पर वर्षभर चलेगा 'समरसता संकल्प अभियान'

## संत रविदास के विचारों से समरस और अंत्योदय युक्त भारत का निर्माण हो रहा है : शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष को पूरे जिले में भव्य एवं व्यापक रूप से मनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी जिला छिंदवाड़ा द्वारा सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी 29 जुलाई 2026 (गुरु पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (रविदास जयंती) तक संचालित होने वाले 'समरसता संकल्प अभियान' की रूपरेखा, कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि संत रविदास जी महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक हैं। उनका जीवन समानता, परिश्रम, सामाजिक समरसता और बंधुत्व का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा प्रदेश की भाजपा सरकार संत रविदास जी महाराज के अंत्योदय और समरस समाज के विचार को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

#### समरस समाज का निर्माण ही संत रविदास को सच्ची श्रद्धांजलि है: पांडेय

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज का 650वां जयंती वर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को और अधिक मजबूत करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाला 'समरसता संकल्प अभियान' जिले के प्रत्येक गांव, प्रत्येक मंडल और प्रत्येक नागरिक तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान का वाहक बने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर संत रविदास जी महाराज के समरस भारत के स्वप्न को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री विजय पांडे ने कहा कि समरस समाज का निर्माण ही संत रविदास जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज ने जाति-पांति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष कर समाज को समानता का संदेश दिया। भारतीय जनता पार्टी उन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण, जनसंवाद, विचार गोष्ठी, सेवा कार्य एवं विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सुखनंदन जावरे ने किया तथा अंत में राकेश माइकल पहाड़े ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# बड़ा हादसा होने से पहले जागे प्रशासन!

## ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट कनेक्शन, सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं



हरिभूमि न्यूज >> परासिया

परासिया तहसील की ग्राम पंचायत दरबई में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ लगे ट्रांसफार्मरों से खुले तौर पर डायरेक्ट कनेक्शन लिए गए हैं और सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। न फेंसिंग है, न जाली, न अर्थिंग और न ही खतरे का कोई सूचना बोर्ड है।

स्थानीय लोगों ने बताया, कि ट्रांसफार्मर बिल्कुल खुला पड़ा है और जमीन से उसकी ऊंचाई भी बहुत कम है। तार जमीन पर झूल रहे हैं। बारिश के दिनों में खंभे और ट्रांसफार्मर के आसपास करंट उतरने का खतरा बना रहता है। बच्चे, बुजुर्ग और मवेशी दिनभर उसी रास्ते से गुजरते हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों का कहना है, कि कई बार बिजली विभाग को मौखिक रूप से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। डायरेक्ट कनेक्शन की वजह से ओवरलोड की समस्या भी बनी हुई है।

सही बिल भरने वाले उपभोक्ताओं के घरों में वोल्टेज कम - अधिक होता है, जिससे फ्रिज, मोटर और अन्य उपकरण खराब हो रहे हैं।ग्रामीणों की मांगग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर को सुरक्षित किया जाए, अवैध कनेक्शनों पर रोक लगे और दोषियों पर कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।विभागीय अधिकारी सोमदत्त सिंह ने कहा, कि मामला संज्ञान में आया है। टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

अवैध कनेक्शन हटाए जाएंगे और ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली और अर्थिंग की व्यवस्था जल्द की जाएगी।

## न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन



**छिंदवाड़ा।** म.प्र.उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया के आदेशानुसार जिला एवं तहसील न्यायालयों में स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से न्यायालय कर्मचारियों के कल्याण के लिये जारी एडवाईजरी फ्रेमवर्क के आधार पर म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा ''उल्लास-एक अभिनव प्रयोग'' कार्यक्रम का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। ''उल्लास'' अंतर्गत ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में किया गया। न्यायालय कर्मचारियों के लिये आयोजित इस शिविर कायक्रम के शुभारंभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री सुधीर मिश्रा, जिला न्यायाधीशगण श्री प्रेमपाल सिंह ठाकुर, श्रीमती तृप्ति पाण्डेय, श्री संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, श्री अभिषेक नागराज, सी.जे.एम. श्री विपेन्द्र सिंह यादव, सचिव जिला प्राधिकरण श्री राकेश सिंह, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सोमनाथ राय, डाक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर निश्चित रूप से एक अभिनव प्रयोग है जो विशेष रूप से न्यायालय कर्मचारियों के लिये आयोजित किया गया है। यह आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ है। कार्य की व्यस्तता और समय अभाव के कारण कई बार कर्मचारी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नही रहते किंतु इस शिविर के माध्यम से समस्त कर्मचारी स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेंगें और डाक्टरी सलाह के अनुसार अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देंगे। शिविर में लगभग 100 से अधिक कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर आवश्यक मेडिशिन प्रदान की गई। शिविर में कर्मचारियों की ई.सी.जी. नेत्र, दंत, बी.पी., शुगर, की जांच की गई इसके अतिरिक्त शिविर में जनरल फिजिशियन, नेत्र रोग, मधुमेह, अस्थिरोग, ई.एन.टी.विशेषज्ञ, त्वचा रोग, मनोचिकित्सक, नेत्ररोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डाक्टर्स के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## शासकीय विधि कॉलेज में कारगिल दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता



**छिंदवाड़ा।** रविवार को शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा पर प्राचार्य कमलाकर मोटघरे के मार्गदर्शन पर कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को याद किया एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के पश्चात किया गया।आयोजित कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को डॉ.दमयंती कटरे, डॉ. स्नेहा कुमारी, डॉ. कमलेश चरपे का उद्बोधन प्राप्त हुआ एवं प्रोफेसर्स द्वारा बताया गया कि 26 जुलाई 1999 को भारत, पाकिस्तान के मध्य हुए युद्ध में सैनिक के शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान को याद करने कारगिल दिवस मनाया जाता है।भाषण प्रतियोगिता में अंकित पवार, सिद्रा कौसर, पूर्वी राकसे, अंजली सूर्यवंशी, प्रज्ञा रघुवंशी, शुभम रघुवंशी ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।डॉ. स्नेहा कुमारी ने विद्यार्थियों को बताया कि कारगिल विजय दिवस केवल एक विजय का पर्व नहीं, बल्कि उन वीर सपूतों के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट राष्ट्रभक्ति का अमर स्मरण है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

## पौधारोपण कर मनाई शादी की सालगिरह



**दमुआ।** हमारे जीवन में वृक्ष का बहुत अधिक महत्व है वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते जीवन शक्ति प्रदान करने वाली ऑक्सीजन हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती है प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए इसी संदर्भ में लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा गरीब भोज परिसर दमुआ में वरिष्ठ जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर आर.के. विश्वकर्मा जी की शादी की सालगिरह पर तथा मुकेश साहू के जन्मदिन पर गरीब भोज परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं विश्वकर्मा सर भाई मुकेश को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी गई मौके पर उपस्थित शहर के सभी राजनैतिक सामाजिक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं समिति के सभी पदाधिकारी एवं सेवादार उपस्थित रहे।

## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक का आयोजन



चौरई। जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशों के अनुपालन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी जे. के. इडपाचे एवं सहायक संचालक श्री डी. पी. डेहरिया व श्री पी. एल. मेश्राम के मार्गदर्शन में जिले की शालाओं में 'नशामुक्ति पखवाड़ा' उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।इसी क्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में प्राचार्य श्री महेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय के कुशल नेतृत्व में नशामुक्ति पर केंद्रित एक प्रभावशाली नाटिका का सफल आयोजन किया गया।आयोजित नाटिका, प्रेरक गीतों और ओजस्वी उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा छात्रों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे बचाव के विभिन्न व्यावहारिक उपाय भी समझाए गए। विद्यार्थियों ने एकाग्रता के साथ नाटिका का आनंद लिया और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने आसपास के वातावरण को नशामुक्त बनाने और जनजागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर समस्त शिक्षक व छात्र गण उपस्थित रहें।

## प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

**दमुआ।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 के लिए सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) राउंड के अंतर्गत प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। यह जानकारी शासकीय महाविद्यालय दमुआ की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास द्वारा दी गई।उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश कैलेंडर के अनुसार सीएलसी राउंड के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर है, जिन्होंने अब तक किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में बने प्रवेश हेल्प सेंटर में उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

## विजयगान कवि सम्मेलन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह में शहीद परिवारों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज >> छिंदवाड़ा

कवियों ने बांधा राष्ट्रभक्ति और काव्य का समां साहित्य, संगीत एवं संस्कृति के क्षेत्र में वर्ष 2018 से निरंतर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश की आठवीं वर्षगांठ एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 'विजयगान' कवि सम्मेलन एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन स्थानीय होटल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिले के गौरवशाली शहीद परिवारों का सम्मान कर देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। शहीद परिवारों के सम्मान का यह अवसर भावुक कर देने वाला रहा। उपस्थित जनसमुदाय ने शहीदों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।समारोह में शहीद मेजर अमित ठेंगे जी के पिता श्री मधुकर राव ठेंगे, शहीद कॉर्पोरल विक्की पहाड़े जी की धर्मपत्नी रीना पहाड़े, शहीद धर्मेन्द्र साहू जी माता राधा देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'विजयगान' कवि सम्मेलन रहा, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए ख्यातिप्राप्त कवि एवं शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



शबीना अदीब (लखनऊ), गौरव साक्षी (इंदौर), प्रतीक चौहान (भिंड), पंकज पंडित (ललितपुर), सान्या राय (गोपालगंज) एवं आन्या ठाकुर (छिंदवाड़ा) ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, वीरता, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी। कवियों की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और देर रात तक काव्य रसिक श्रोता कार्यक्रम से जुड़े रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री अनुसुइया उइके (पूर्व राज्यपाल मणिपुर एवं छत्तीसगढ़), कार्यक्रम अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह अहके (महापौर, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा) आदि मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हर्रई।** शासकीय महाविद्यालय हर्रई में 26 जुलाई को शासन के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. एस. यादव के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कला एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध के वीर जवानों एवं शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजशास्त्र विभाग के डॉ. एल. काशिया ने कारगिल युद्ध के इतिहास एवं भारतीय सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान पर प्रकाश डाला। हिन्दी विभाग के, ए. के. यादव ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग के शक्ति सिंगारे ने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।अंग्रेजी विभाग के दिलीप डेहरिया ने विद्यार्थियों से अपने हृदय में सदैव राष्ट्रप्रेम की भावना एवं देशभक्ति की लौ प्रज्वलित रखने का आह्वान किया। राजनीति शास्त्र विभाग के संजय मंडराह ने युवाओं से देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।



# कुएँ में मिला 42 वर्षीय माया राहंगडाले का शव

## हत्या का आत्महत्या जांच में जुटी वारासिवनी पुलिस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

थाना के ग्राम शेरपार निवासी 42 वर्षीय माया राहंगडाले का शव पुलिस ने कुएं से बरामद किया है।मिली जानकारी के अनुसार माया पति मोहन राहंगडाले सोमवार की सुबह अपने ही घर के पीछे कुएं से पानी भरने गई थी।पानी भरते समय अचानक उसका पैर फिसला गया।और वह बाल्टी सहित कुएं में जा गई।जिससे उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी का पता परिवार वालो को तब चला।जब माया राहंगडाले का पति मोहन राहंगडाले ने उसे आवाज लगाया।बार-बार आवाज लगाने के बाद भी माया कुछ नहीं बोली।जिसके बाद मोहन ने घर के अंदर बहार माया को ढूंढने का प्रयास किया।मगर माया कही भी दिखाई नहीं दी।जिसके बाद मोहन ने पड़ोसियों से माया के बारे पूछताछ की।और सभी लोग माया की खोजबीन में जुट गए।फिर भी माया का पता नहीं चला।जिसके बाद परिवार वालो को शक हुआ।कि कुएं में शायद गिर गई होगी।तब मोहल्ले के आसपास वालो में कुएँ में लोहे का काटा डाला।तब कुएं से बाल्टी मिली।फिर शक हुआ कि माया भी कुएं भी होगी।लगभग एक घंटे के प्रयासों से बाद माया का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया।जिसके बाद वारासिवनी पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवारों से चर्चा करने के बाद ग्रामीणों के प्रयास से माया रहांगडाले के शव की खटिया की सहायता से कुएं से बहार निकाला गया।जिसके पश्चात पुलिस ने परिवारों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।वहीं यह हादसा कैसे हुआ।पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।



# तेज बारिश : आंगनबाड़ी भवन एवं आयुष्मान आरोग्य अस्पताल परिसर पानी से सराबोर हो गया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

क्षेत्र में तीन दिनों के अंतराल के बाद दोपहर सवा बारह बजे से लगातार हुई एक घँटे की तेज बारिश से जहाँ लोंगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली किसानों की उम्मीदों को पँख लगे तो वहीं शहर में कईं जगहों पर जल भराव की स्तिथि बन गई हालांकि जलभराव की वजह से किसी तरह का कोई नुकसान नही हुआ है लेकिन वार्ड क्रमांक 9 स्थित अयोध्या बस्ती के पास बने आंगनबाड़ी भवन एवं आयुष्मान आरोग्य अस्पताल परिसर पानी से सराबोर हो गया जिससे नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

### नपा ने तालाब में बनवा दिए दोनों भवन

प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोहल्ला क्लिनिक के तहत शहर के वार्ड नं. 9 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं नोनिहलो के प्रारंभिक विद्याध्ययन के लिए नपा के जिम्मेदारों द्वारा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया हैं। लेकिन नपा ने इन दोनों भवनों के निर्माण के लिए उचित स्थल चयन कर भवन बनाने के बजाए तालाब की जमीन पर इन भवनों को बिना सोचे समझे बनवा दिया परिणाम स्वरूप इन दोनों भवनों के चारों और बारिश होने पर जलभराव हो जाता हैं।इस जल भराव से इन दोनों भवनों की इमारतों को भी पानी से नुकसान हो रहा हैं तो वही बारिश के मौसम में मरीजों बच्चों शिक्षकों एवं अस्पताल के स्टाफ को भी जहरीले जीव जंतुओं का डर इस जल भराव और यहाँ फैली गंदगी से बना रहता हैं। विदित हो कि जिस जगह पर नपा ने इन दोनों भवनों का निर्माण किया हैं उस जगह पर बर्षो पुरानी बोड़ी रूपी तालाब था जिसमें बरसाती पानी सहित आसपास के इलाकों के घरों का गंदा पानी एकत्रित होता था उस स्थल को नपा द्वारा धीरे धीरे कचरा मिट्टी से भर दिया गया और बाद में वहाँ पर दोनों भवनों को बना दिया गया लेकिन भवन बनाने के दौरान नपा ने सड़क और जमीन के बीच ऊंचाई का ध्यान नही रखा जिसके परिणामस्वरूप सड़क से नीचे बने इन भवनों के चारों ओर जरा सी बारिश में जल भराव की स्थिति बन जाती हैं।



### पानी निकासी का नही किया उचित इतंजाम

बीते दिवस हुई बारिश में उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति के बाद भी नपा ने यहाँ से पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था नही की परिणामस्वरूप सोमवार को हुई झमाझम बारिश से भी इन दोनों भवनों के चारों ओर डेढ़ से दो फिट पानी का जमाव हो गया जिससे लोंगों को फिर से परेशानी उठानी पड़ी।

### सीएमओ हुए नॉट रिचेबल

इस मामले जब नपा सीएमओ सूर्यप्रकाश उके से चर्चा करने संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाईल नॉट रिचेबल बताते रहा।

## परसाटोला में नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को दिलाई गई शपथ

**बालाघाट।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई को किरनापुर के ग्राम परसाटोला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर थाना किरनापुर के सब-इंस्पेक्टर दमन तुरकर एवं समस्त थाना स्टाफ की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने, शिक्षा पर ध्यान देने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। पुलिस थाना किरनापुर द्वारा बताया गया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## सोनपुरी के गायत्री मंदिर में किया गया वृक्षारोपण



**किरनापुर।** किरनापुर के ग्राम सोनपुरी में गायत्री मंदिर शक्तिपीठ परिसर में पर्यावरण की रक्षा और हरियाली बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर को हरा भरा बनाना, शुद्ध हवा देना ,और प्राकृति की संभाल करना, श्वास देने वाले और फलदार पेड़ जैसे नीम, पीपल, और आम के पौधे लगाए गए इस कार्यक्रम में बंटी अर्जुनवार, नंदकिशोर पाचे, संतोष लिल्हारे, बबलू कावरे ,पप्पू नेवारे, हर्ष पांचे, सुजल नेवारे ,बंटी गुप्ता, सिद्धार्थ वैघ, दशाराम ,विजय एवं ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय शक्ति संचय अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वय श्री महेश पटले के निर्देशानुसार एवं विकासखंड किरनापुर की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रुचिका वेश के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन समितियो का शक्ति संचय अभियान अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण गायत्री मंदिर परिसर (सोनपुरी) किरनापुर में किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञ द्वारा सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर पुष्प गुच्छ समर्पित किए गए।

तत्पश्चात श्री जगदीश पांचे मेंटर किरनापुर द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा ,अवधारणा एवं प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर संक्षिप्त परिचय दिया गया।

उद्यानिकी विस्तार अधिकारी कुमारी आंचल राणा द्वारा उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के बीज उपलब्ध होने संबंधी जानकारी दी गई साथ ही किसानों के लिए सब्सिडी आधारित पावर टिलर , प्रधानमंत्री खाद्य उन्नयन योजना एवं अन्य योजनाओं पर कैसे किसान सब्सिडी लेकर अपना व्यवसाय इस विभाग से जुड़कर कर सकते हैं और स्वयं को लाभान्वित कर सकते हैं इन विषयों पर जानकारी दी ।

उपस्थित समितियों के सदस्यों को समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का लेखा संधारण/लेखा प्रबंधन संबंधी जानकारी सुनीता नागपुरे के द्वारा दी गई ताकि समितियां अपने कार्य को रिकॉर्ड के तौर पर प्रस्तुत कर सके , उक्त सत्र में समितियों के सदस्यों में अच्छी रुचि देखने मिली ,

नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि श्री भागचंद मंडलवार द्वारा जैविक व प्राकृतिक कृषि को लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारी समिति सदस्यों को दी गई ताकि भविष्य में रासायनिक खेती न करते हुए जैविक खेती को प्रोत्साहन मिल सके और इसकी शुरुआत समिति से जुड़े सभी व्यक्ति ग्राम में कर सके ताकि पूरे क्षेत्र के लोग जैविक कृषि को अपना सके और कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा सके ।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यों एवं नवांकुर संस्था द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई साथ ही 4 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले स्वैच्छिकता पर्व को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान पौधारोपण, नशा मुक्ति शपथ , सामूहिक श्रमदान गांव गांव में करने के निर्देश दिए गए, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित

बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के पंजीयन एवं एडमिशन के लिए प्रचार प्रसार करने पर बल दिया गया ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं ग्रामों से सामुदायिक नेतृत्व को लेकर छात्र-छात्राएं इस कोर्स को कर सके ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल पर मंदिर परिसर में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा पौधारोपण किया गया , वही सामुदायिक विकास को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा कर समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर मेंटर अनिल बोपचे द्वारा शपथ दिलाई गई ।

# बिसोनी में गूंजा नशामुक्ति का संकल्प, ग्रामवासियों ने लिया नशे से दूर रहने का प्रण

**हरिभूमि न्यूज लाँजी ।** मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के तहत ग्राम पंचायत बिसोनी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशे के खिलाफ एकजुट होकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, सामाजिक जीवन और आर्थिक स्थिति को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रखने तथा स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिसोनी की सरपंच श्रीमती वर्षा वारे ने सभी उपस्थित ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक स्वयं नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। उपसरपंच पवन कश्यप, पूर्व सरपंच विजय वारे,सचिव नीलेश्वर मोरघड़े एवं रोजगार सहायक हरीश आसटकर ने भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंचगण, महिला-पुरुष ग्रामीण एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी ने सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए नशे का सेवन नहीं करने, अपने परिवार और समाज को नशे से दूर रखने तथा नशामुक्ति अभियान में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और युवाओं को नशे की लत से बचाने में सफलता मिलेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना और जनसहभागिता को मजबूत करना रहा।



## खबर संक्षेप

### आज से अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय संस्कृति में गुरु की अत्यधिक महत्ता बतलाई गयी है, गुरु भक्ति के अज्ञान को समाप्त कर उसे ज्ञानवान और यशवान बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है वह अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है असत्य से सत्य की ओर ले जाता है। धर्म क्या है और अधर्म क्या है, इसका बोध कराता है वह ईश्वर के पास जाने का मार्ग बताता है इसलिए गुरु को ईश्वर तुल्य माना जाता है, इसलिए अषाढ़ शुल्क पूर्णिमा का प्रत्येक सनातनीपूर्ण श्रद्धा भक्ति सेबा व सर्मपण के भाव के साथ गुरुजन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण करता है।
इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व 29 जुलाई को है। काली चौंक स्थित त्रयम्बक ज्योतिष कार्यालय में परम पुज्य गुरु जी महराज पंडित दया शंकर जी मिश्र के पावन स्मृति में प्रतिवर्षांनुसार इस वर्ष 28 जुलाई को अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन दोपहर 02 बजे से पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन प्रारंभ होगा पूजन के पश्चात रामचरित मानस का पाठ प्रारंभ होगा जो 29 जुलाई दिन बुधवार को गुरु पूर्णिमा मानसपाठ का समापन के पश्चात हवन व प्रसाद का वितरण किया जाममा शुरु पूजन कर कार्यक्रम शाम को गोधूलि बेला तक चलता रहेगा। इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जायेगा, इस अवसर सभी सनातनियों से आग्रह किया जाता है कि में रज्जुभाई दिन कवार को मानस पाठ में सहयोग प्रदान कर 28 जुलाई दिन मंगलवार को गुरु पूजन कर एक सच्चे, संस्कारित सनातनी होने का परिचय देते हुए गुरु सेवक होने का लाभ प्राप्त करें।

### 67 पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों का स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक टाइप 'ई' जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 67 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेंद्र कुमार दास ने बताया कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक टाइप 'ई' जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने 27 जुलाई 2026 को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी का भ्रमण किया। मेडिकल टीम में चिकित्सक डॉ. शिवम खेत्रपाल सहित तीन मेडिकल अटेंडेंट शामिल रहे।

### 31 जुलाई को अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित होगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय सहित जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 31 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भैरोगंज, सिवनी (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में अनुकंपा नियुक्ति शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थी, जिनके अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रकरण लंबित हैं।

# साल्हेपानी पंचायत में लाखों के फर्जी बिलों से भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**सिवनी/घंसौर। जनपद पंचायत घंसौर की ग्राम पंचायत साल्हेपानी में विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।**

ग्रामीणों ने कलेक्टर सिवनी को शिकायत पत्र सौंपकर पंचायत में हुए विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा लाखों रुपये के फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया, जबकि कई कार्य धरातल पर दिखाई ही नहीं देते।

### फर्जी बिलों से राशि निकालने का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में जिन विकास कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया, उनमें से कई कार्य अधूरे हैं या मौके पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। आरोप है कि कागजी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी राशि निकालकर वित्तीय अनियमितता की गई।

### विकास कार्यों पर उठे सवाल

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचायत में हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति और भुगतान के रिकॉर्ड का मिलान कराया जाए। उनका आरोप है कि सरकारी धन का उपयोग जनहित के बजाय अनियमित तरीके से किया गया है।

### कलेक्टर और जनपद सीईओ से जांच की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर सिवनी एवं जनपद पंचायत घंसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) से पूरे मामले की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही संबंधित अभिलेखों, मस्टर रोल, बिल-वाउचर एवं निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने की भी मांग उठाई है।

### दोषियों पर कार्रवाई और वसूली की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी सरपंच, सचिव एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए, तथा शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए।




### जांच के बाद ही होगी स्थिति स्पष्ट

फिलहाल लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पूरे मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच के माध्यम से दोषियों पर कार्रवाई होगी और पंचायत में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।



# पेंच नेशनल पार्क (मोगली लैंड) में लायंस क्लब सिवनी मोगली द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पेंच नेशनल पार्क (मोगली लैंड) में लायंस क्लब सिवनी मोगली द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने किया।
इस अवसर पर जामुन, बेलपत्र, शहतूत सहित विभिन्न प्रजातियों के जंगली एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी है।
कार्यक्रम में क्लब के सचिव मोहित मालू, सहसचिव संतोष नागपुरे, कोषाध्यक्ष शीतल नाहटा, उपाध्यक्ष सुधीर नाहटा, राजीव मिश्रा सहित क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक नागरिक से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

### घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

छपारा - विकासखंड छपारा के ग्राम दानीमेटा से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 34 वर्षीय युवक का शव उसके ही घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और गांव में शोक का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 26 जुलाई की सुबह परिवार के सभी सदस्य कृषि कार्य के लिए खेत चले गए थे। जब बाद में घर लौटे तो युवक का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल छपारा पुलिस को दी गई।

# ढेकी नहर फूटने से किसानों की फसलें जलमग्न, भारी नुकसान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम ढेकी में नहर फूटने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। नहर का पानी खेतों में भर जाने से कई किसानों की खड़ी फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई। प्रभावित किसानों के अनुसार अचानक नहर टूटने से पानी तेजी से खेतों में फैल गया, जिससे फसल बचाने का कोई अवसर नहीं मिला। इस घटना से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। नहर टूटने से टीकाराम बघेल, सुंदर बघेल, राजमोहन बघेल, नेपाल बघेल एवं खुमान सिंह बघेल के खेतों में लगी फसल पूरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों ने प्रशासन से मौके का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने तथा उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की मरम्मत और रखरखाव किया जाता, तो इस तरह की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। किसानों ने संबंधित विभाग से नहर की शीघ्र मरम्मत कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत सुनवारा में भ्रष्टाचार का मामलाः जाँच की मांग के बीच प्रशासन की चुप्पी बरकरार

**केशव राय धनौरा- सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र धनौरा की जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुनवारा में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।**




**सिवनी।** 'हरिभूमि' समाचार पत्र में ग्राम पंचायत सुनवारा के सचिव नेपाल सिंह राठौर पर लगे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों की खबर छपने के बाद भी अब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। खबर के प्रकाशन को समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने इस मामले में पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा बढ़ती जा रही है।
**मुख्य बिंदुः** स्थिति जस की तस
कोई जाँच टीम नहीं पहुंचीः उच्च स्तरीय जाँच की मांग के बावजूद अब तक ब्लॉक या जिला स्तर से कोई भी अधिकारी भौतिक सत्यापन के लिए गांव नहीं पहुंचा है।

### सचिव की मनमानी जारी

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें होने के बाद भी सचिव नेपाल सिंह राठौर के रक्षक और तानाशाही रवैये में कोई कमी नहीं आई है। अधूरे काम और कागजी विकासः गांव में नालियों, सीसी रोड और भवनों के नाम पर बढ़ चढ़कर बिल लगाए जा रहे हैं ।
**हितग्राहियों की परेशानीः** प्रधानमंत्री आवास योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए गरीब ग्रामीण आज भी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### ग्रामीणों का बढ़ता आक्रोश और अगला कदम

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार खबर का कोई असर न होता देख अब ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि वे इस सप्ताह सीधे जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपेंगे। उनकी मांग है किःसचिव नेपाल सिंह राठौर को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए।पिछले कुछ वर्षों में हुए सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जाँच कराई जाए।फर्जी मस्टर रोल के जरिए निकाले गए पैसों की रिकवरी कर दोषियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हो।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार और ग्रामीणों की इस खुली चुनौती के बाद अपनी नींद से जागता है, या फिर सुनवारा के ग्रामीण इसी तरह कागजी विकास और जमीनी भ्रष्टाचार की चक्की में पिसते रहेंगे।

# गायत्री परिवार केवलारी द्वारा कामधेनु गौशाला में गौपुष्टि महायज्ञ, गौ सम्मान संवाद एवं वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत 124 वृक्षारोपण सम्पन्न

**केवलारी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार केवलारी के तत्वावधान में रविवार को कामधेनु गौशाला, कोहका बगलई में गौ पुष्टि गौ संवर्धन गायत्री महायज्ञ, गौ सम्मान आवाहन अभियान संवाद एवं वृक्ष गंगा अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं दर्जनों गौ-भक्त भाई-बहनों ने सपरिवार सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ कामधेनु गौशाला के दिव्य प्रांगण में गौपुष्टि एवं गौ संवर्धन हेतु गायत्री महायज्ञ से हुआ। यज्ञ में आहुतियां देकर गौमाता के कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई।
द्वितीय सत्र में गौ सम्मान आवाहन अभियान पर विचार संवाद आयोजित हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केवलारी की बहन जी, समाजसेवी दामोदर शुक्ला जी एवं गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र छोटू साहू जी ने उद्बोधन दिया। वक्ताओं ने गौमाता के महत्व, भारतीय संस्कृति में गौ एवं वृक्षों की उपयोगिता तथा वर्तमान समय में प्रकृति संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
कार्यक्रम के अंतिम चरण में वृक्ष गंगा अभियान के



अंतर्गत कामधेनु गौशाला से काका रोड तक 124 पौधों का सघन वृक्षारोपण किया गया। ब्लॉक समन्वयक एवं मीडिया प्रभारी श्री विनोद बर्मन जी ने तरु मित्र, तरु पुत्र विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से वृक्षों को अपने परिवार का सदस्य मानकर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। सभी भाई-बहनों एवं उत्साहित बच्चों ने सड़क के दोनों ओर पूर्व में तैयार किए गए खाद युक्त गड्ढों में पौधारोपण कर उनकी देखभाल की शपथ ली।
सम्पूर्ण वातावरण भारत माता की जय, गौमाता की जय, गायत्री माता की जय के जयघोष से गूंज उठा। अंत में सभी उपस्थित जनों को खीर की प्रसादी वितरित की गई। गौशाला अध्यक्ष श्री राजेश बघेल जी ने आभार व्यक्त करते हुए पुनः गौशाला पधारने का अनुरोध किया।
इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सिंह बघेल, सचिव सुरेंद्र छोटू साहू, सहायक ट्रस्टी अमरचंद साहू, ट्रस्टी जवाहरलाल चौधरी, पतंजलि योग ट्रस्टी गणेश लाल झारिया, ब्लॉक वृक्षारोपण प्रभारी महेश टेम्भरे, युवा प्रकोष्ठ संयोजक दीपक साहू, बी. एस. बुंदेला जी बगलई, अंजनिया मण्डला से भुवनेश्वर पटेल जी, घेवरचंद अवधिया, संजय चौरे, भगत सिंह बघेल, घनश्याम साहू, श्रीकांत साहू, मनोज दुबे, राजू बघेल, अभिषेक चंदेल, आनंद परते, जितेश चौरसिया, दिलीप बघेल, मीडिया से अजय नागेश उगली, उत्कर्ष साहू, गजेंद्र पटले, तीर्थ यादव, गायत्री दीदी, अनुसुइया साहू, राय बहन जी, ठाकुर बहन जी, भारती पटले, केशर चौधरी सहित अनेकों गणमान्यजन एवं गौशाला के गौसेवकों, बच्चे उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय केवलारी में विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न, जिला स्तरीय टीम चयन की प्रक्रिया शुरू

**केवलारी** / स्कूल शिक्षा विभाग के खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में जारी किए गए खेल कैलेंडर 2026 / 27 के अंतर्गत केवलारी विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनि विद्यालय, केवलारी में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य एल.आर. बछलिया एवं उप प्राचार्य अशोक अवस्थी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर विकासखंड की मजबूत कबड्डी टीम तैयार करना है। चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केवलारी विकासखंड



का प्रतिनिधित्व करेंगे।
उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सिवनी जिले के आठों विकासखंडों की कबड्डी टीमें भाग लेंगी। वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम बनाई जाएगी, जो संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।
प्रतियोगिता का सफल संचालन एवं खिलाड़ियों को खेल का प्रशिक्षण सांदीपनि विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सतीश ताराम द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह देखने योग्य रहा। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मातृधाम में गुरुपूर्णिमा पर 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे गुरु पूजन

**सिवनी।** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 बुधवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर परमाराध्य सनातन धर्म के उन्नायक धर्मसम्राट् अनंतश्री विभूषित ज्योतिष एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज के श्रीचरण पादुकाओं का पूजन गुरुसपर्या पद्धति अनुसार मातृधाम में किया जावेगा। इस अवसर पर गुरुदेव भगवान का पूजन, अर्चन एवं पावन स्मरण किया जावेगा। उक्त जानकारी धर्मवीर अजित तिवारी ने देते हुये सभी गुरुभक्तों- सनातनधर्मियो से गुरुपूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 11 बजे श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर मातृधाम पहुंचकर गुरु पूजन में सम्मिलित हो पुण्य लाभ अर्जित करें।

# कारगिल विजय दिवस का गरिमापूर्ण ढंग से हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी में कारगिल विजय दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज हमारे जबाज सैनिकों के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मानसिंह ने बताया कि कारगिल विजय को आज 27 वर्ष पूर्ण हुए, देश के युवाओं को हमारी सेनाओं के शौर्य व पराक्रम से परिचित कराने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन शासन की मंशानुरूप किये जाते है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि की आशंदी से बोलते हुए पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने कहा कि कारगिल युद्ध सबसे विषम परिस्थिति में लड़े गए युद्धओं में से एक है। कहा कि इस लड़ाई में हम हर प्रकार से चुनौतीयों से घिरे थे, 18000 फ्रीट की ऊचाई पर दुश्मन बैठा था। जहां पहुंचकर हमारे सैनिकों को 140 पोस्ट को दुश्मन के कब्जे से वापस लेना था। फिर भी हमारे सैनिको ने इस युद्ध में विजय प्राप्त कर अपने पराक्रम का लोहा मनवाया।

### 40 वर्षीय पर्वत लाल बरकड़े की नाले में डूबने से मौत

**सिवनी।** जिले के पद्दीकोना गांव के पास नाले में सोमवार सुबह 11 बजे नहाने गए 40 वर्षीय पर्वत लाल बरकड़े की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।
पद्दीकोना निवासी पर्वत लाल बरकड़े सुबह गांव के पास स्थित नाले में नहाने गए थे। इस दौरान वे अचानक नाले के गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने पर्वत लाल को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी गहरा होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाद में ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया।

## पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक

# लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा देर रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम में जिले की मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, कंट्रोल रूम प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग एवं लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो। जिले में हत्या, हत्या के प्रयास, गृहभेदन एवं साधारण



चोरी के अपराधों में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए इन पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी में वृद्धि करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। सभी थाना प्रभारियों को स्वयं रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए गए। एसडीओपी को रात्रि गश्त की नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु कहा गया, ताकि संपत्ति संबंधी अपराध घटित न हों। जिला बदर के प्रकरण तैयार कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में असंतोष व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश। बार-बार अपराध करने वाले आरोपियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश। एससी एसटी प्रकरणों में पीड़ितों का राहत प्रकरण शीघ्र तैयार कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लंबित समंस/वारंट का वर्गीकरण कर तामीली प्रतिशत बढ़ाया जाए। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर फीडबैक लिया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि जनता को त्वरित न्याय एवं सुरक्षित माहौल देना पुलिस की प्राथमिकता है।

### जवाहर लाल नेहरू एेजुकेशन सेंटर कहार सर की स्टेनो कोचिंग के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम

# अंकित राहंगडाले ने सूबेदार (एस आई ) स्टेनो परीक्षा में पूरे मध्य प्रदेश में 5 वीं रैंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र. में कहार सर की स्टेनो कोचिंग के नाम से विख्यात जवाहर लाल नेहरू ऐजुकेशन सेंटर सिवनी के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि म.प्र. पुलिस मुख्यालय ग्रह (पुलिस) विभाग, सूबेदार (एस आई) शीघ्रलेखक एवं सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) अनुसचिवीय की भर्ती परीक्षा का परिणाम दिनांक 17/07/2026 को घोषित हुआ, जिसमें जवाहर लाल नेहरू ऐजुकेशन सेंटर, कहार सर की स्टेनो कोचिंग के 7 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर एक बार फिर कोचिंग, जिले एवं परिवार का नाम गौरान्वित किया। जिसमें 6 विद्यार्थियों का सूबेदार (एसआई) स्टेनो एवं एक विद्यार्थी का सहायक उप निरीक्षक(एएसआई) एलडीसी में चयन हुआ है। कोचिंग के अंकित राहंगडाले ने पूरे म.प्र. में 5वीं रैंक प्राप्त कर जिले एवं संस्थान का गौरव बढ़ाया अन्य 6 विद्यार्थी अंकिता पाठक, जीवनलाल मर्सकोले, अनुराग बघेल, रविन्द्र पुषाम, प्रशांत अहिरवार का चयन सूबेदार (एसआई) स्टेनो के पद पर तथा कुलदीप चौहान का चयन सहायक उप निरीक्षक ,(एएसआई) एलडीसी के पद पर हुआ।
संचालक वेद नारायण आगरे ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष विद्याथियों की सफलता स्व. विजय कहार सर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षक आदर्श कहार सर एवं अन्य सहायक प्रशिक्षक का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण व विद्यार्थियों का अनुशासन एवं लगन के साथ कठोर परिश्रम सफलता का आधार है। विदित हो कि इस संस्था से हर वर्ष शासकीय सेवाओं में विद्यार्थियों का चयन होता है, जिसमें पूर्व के वर्षों में म.प्र. हाईकोर्ट की स्टेनोग्राफर एवं सहायक ग्रेड भर्ती 2017-18 में 83, 2023 में 45, रेलवे स्टेनो 2022 में 4, एसएससी स्टेनो 2022,23,24 में आयकर विभाग व केंद्रीय सचिवालय में 9 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

### ड्यूटी से लौटते समय हुआ हादसा, एसडीआरएफ व प्रशासन की टीम देर रात तक करती रही तलाश

## उफनते नाले में बहे ग्राम पंचायत सचिव, दोपहिया सहित लापता

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार को किरनापुर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम पंचायत रानककोड़ी के सचिव सीताराम घोरमारे ड्यूटी पूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी पीपलगांव कला और कोसमारा के बीच स्थित उफनते नाले को पार करने के दौरान वे अपनी दोपहिया वाहन सहित तेज बहाव में बह गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और प्रशासन ने तत्काल बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया।

### ड्यूटी से लौटते समय तेज बहाव बना काल

जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार, 27 जुलाई 2026 को शाम लगभग 4:30 बजे हुआ। सचिव सीताराम घोरमारे कार्यालयीन कार्य समाप्त कर अपने गृह ग्राम कोसमारा लौट रहे थे। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पीपलगांव कला और कोसमारा के बीच स्थित नाले में पानी का बहाव अत्यधिक तेज था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाला पार करने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर तेज धारा की चपेट में आ गई और देखते ही देखते वे वाहन सहित बह गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण कोई भी उनके करीब नहीं पहुंच सका। घटना की सूचना मिलते ही किरनापुर एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस प्रशासन तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।



स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से नाले एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। देर रात तक रेस्क्यू अभियान लगातार जारी रहा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सचिव सीताराम घोरमारे का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। लगातार हो रही बारिश के चलते बचाव कार्य में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वर्षा के दौरान उफनते नदी-नालों को पार करने का जोखिम न उठाएं तथा सुरक्षित मार्ग का ही उपयोग करें। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद पुरे क्षेत्र में चिंता का माहौल है और लोग सचिव के सकुशल मिलने की कामना कर रहे हैं।

## गोदरी वॉटरफॉल में प्रवेश पर प्रतिबंध, एसडीएम ने जारी किया धारा 163 बीएनएसएस का आदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किरनापुर अनुविभाग के गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में आम नागरिकों और पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) किरनापुर श्री आदित्य नारायण तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि लगातार हो रही वर्षा के कारण गोदरी जलप्रपात का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलप्रपात के आसपास की चट्टानें अत्यधिक फिसलन भरी हो गई हैं तथा पानी का बहाव भी अत्यंत तेज है। पूर्व के अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग यहां पिकनिक, स्नान और सेल्फी लेने के लिए पहुंचते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और जनहानि की आशंका बनी रहती है।

आदेश के अनुसार गोदरी जलप्रपात एवं उसके उद्गम से बहाव क्षेत्र के 1000 मीटर के दायरे में आम नागरिकों, पर्यटकों एवं समूहों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही जलप्रपात में स्नान, तैराकी, चट्टानों पर बैठकर पिकनिक मनाना, शराब का सेवन करना तथा किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी एवं सेल्फी लेना भी प्रतिबंधित किया गया है।

एसडीएम श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत, वन विभाग एवं पुलिस विभाग को जलप्रपात की ओर जाने वाले मार्गों पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश 27 जुलाई 2026 से आगामी दो माह अथवा मानसून सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पूर्व में वापस नहीं लिया जाता।

आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 223 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन करें और वर्षा ऋतु के दौरान गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में जाने से बचें।

## राष्ट्रीय पंवार क्षत्रीय महासभा की बैठक से पूर्व,जिला पंवार समाज ने किए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला पंवार क्षत्रीय संगठन पंवार समाज बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय पंवार क्षत्रीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक के पूर्व दिन भर विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।स्थानीय सर्किट हाउस में जिला संगठन पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदलाल चौधरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी एवं जिला अध्यक्ष श्री विशाल बिसेन ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके बाद पदाधिकारियों ने मोती तालाब परिसर स्थित चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला महिला अध्यक्ष एवं जिला युवा अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।कार्यक्रम के दौरान दानवीर रामा बापू लोधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के साथ नमन किया गया। साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।बैठक स्थल के समीप राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने नर्मदा नगर स्थित चमत्कारी शिव मंदिर में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।स्थानीय वार्ड 32 मांदी समिति द्वारा मंगल भवन पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन एवं समाजजनों का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर जिला संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## नीट में मॉडल स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा नीति बिसेन ने लहराया परचम

### 602 अंक हासिल कर एमबीबीएस में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा कु. नीति बिसेन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) 2026 में 602 अंक प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।




नीति बिसेन ने कक्षा 10वीं के बाद मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के तहत चयनित होकर शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई के साथ नीट परीक्षा की विशेष तैयारी की। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण के बल पर उन्होंने नीट में 602 अंक अर्जित कर प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित किया।

अपनी सफलता के बाद नीति बिसेन अपने माता-पिता के साथ शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा पहुँचीं, जहाँ विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता की प्रेरक यात्रा साझा की।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रेरक संवाद में नीति बिसेन ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने मोबाइल फोन का सकारात्मक एवं सीमित उपयोग करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी करने तथा समय प्रबंधन को सफलता की अहम कुंजी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की एक अन्य पूर्व छात्रा कु. आसमा राहंगडाले, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं, ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

दोनों पूर्व छात्राओं के प्रेरणादायक अनुभवों ने विद्यार्थियों में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का उत्साह जगाया। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण, अतिथि शिक्षक और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

## कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में निकली भव्य विजय तिरंगा रैली

**बालाघाट।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में सोमवार को विशाल विजय तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशासनिक अधिकारी प्रो. परस राम ठाकरे, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने किया।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षा भगवान भरोसे,हस्ताक्षर कर गायब हो रहे शिक्षक,टपकती रसोई में पक रहा बच्चों का भोजन

**हरिभूमि न्यूज बिरसा।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई,उसने सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।कहीं शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचे,कहीं बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए गए,तो कहीं प्रधानाध्यापक द्वारा अनुपस्थित शिक्षकों की अनुपस्थिति तक दर्ज नहीं की गई।वहीं एक विद्यालय में रसोइया बारिश के बीच टपकते किचन शेड में बच्चों का मध्याह्न भोजन बनाने को मजबूर मिले।शासकीय प्राथमिक शाला मरारीटोला (दमोह) संकुल दमोह का निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और बच्चों से प्राप्त जानकारी में सामने आया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ओमलाल मिठवानी पिछले लगभग एक वर्ष से केवल उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर कर विद्यालय से चले जाते हैं,जिससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है।इस विद्यालय में 49 बच्चें दर्ज है जो एक ही कमरा में पढ़ने को बाध्य हैं।भवन की स्थिति ठीक नहीं है।इसी शाला में किचन शेड अत्यंत जर्जर स्थिति में है।इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक शाला पंडरिया संकुल रेलवाही में सुबह लगभग 11 बजे तक दो शिक्षक एस.सी.यादव और गीता घोरमारे विद्यालय नहीं पहुंचे थे।आश्चर्य की बात यह रही कि प्रधानाध्यापक ने उनकी अनुपस्थिति भी दर्ज नहीं किए थे।इससे विद्यालयों में अनुशासन और निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्न उठने लगे हैं।इस विद्यालय में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक कुल 63 बच्चें हैं जिसमें तीन नियमित और दो अतिथि शिक्षकों सहित कुल पांच शिक्षक हैं लेकिन बच्चें पढ़ाई में औसत नजर आए।इसी प्रकार जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला दोषीटोला (सुंदरवाही) संकुल दमोह का निरीक्षण करने पर यह भी पाया गया कि शिक्षिका पूनम नारनोरे बिना सक्षम अधिकारी (प्राचार्य)से अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित थे।साथ ही शिक्षिका शमीना खान 26 मई 2025 से शाला से लगातार अनुपस्थित चल रही है।



मध्याह्न भोजन की समीक्षा के दौरान भोजन की गुणवत्ता में सुधार के सख्त निर्देश दिए गए।बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार स्वच्छ,पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।निरीक्षण का सबसे चिंताजनक दृश्य उस समय सामने आया जब मरारीटोला दमोह विद्यालय का किचन शेड पूरी तरह जर्जर स्थिति में मिला। बरसात के कारण छत से लगातार पानी टपक रहा था और उसी स्थान पर रसोइया बच्चों का भोजन बनाने के लिए मजबूर थे।ऐसी स्थिति न केवल भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है बल्कि रसोइयों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।संबंधित विभाग से किचन शेड की तत्काल मरम्मत अथवा नए किचन शेड के निर्माण की मांग की गई।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण की आधारशिला हैं। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित विद्यालयी वातावरण सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा निरीक्षण में सामने आई सभी अनियमितताओं की विस्तृत रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की जाएगी।

## बालाघाट में शुरू हुई CRISP की SUHAAS परियोजना

### लांजी से गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) एवं मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गैर-संचारी बीमारियों (NCD) की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से Centre for Research in Schemes and Policies (CRISP) द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित SUHAAS (SUHAAS) परियोजना का शुभारंभ अब बालाघाट जिले में किया गया है। जिले के लांजी विकासखंड को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है।

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार 27 जुलाई को कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में CRISP के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री राधेश्याम जुलानिया तथा परियोजना के सलाहकार श्री मनोहर अगनानी ने स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को परियोजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

श्री राधेश्याम जुलानिया ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता एवं सीएचओ संयुक्त रूप से 'Know Your Family' अभियान संचालित करेंगे। इसके तहत प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर घर-घर स्वास्थ्य सर्वे एवं स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी पंचायत में स्क्रीनिंग पूरी करने में अधिक समय लगे तो अवधि बढ़ाई जा सकती है, लेकिन प्रत्येक परिवार की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए।

परियोजना सलाहकार श्री मनोहर अगनानी ने बताया कि SUHAAS परियोजना के अंतर्गत 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सभी हितग्राहियों का विवरण एनसीडी (NCD) पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, ताकि उनका नियमित फॉलोअप और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंDने बताया कि उच्चा रक्ताचाप एक साईलेंस किलर है। अतः 30 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को इसकी नियमित रूप से जांच करना चाहिए और दवायें लेना चाहिए। अधिकांश लोग इसकी जांच नहीं कराते हैं, जिसके कारण उन्हें इसका पता ही नही चलता है। लोग इस बात से भी डरते हैं कि एक बाद दवा लेने के बाद इसे हर समय लेना पड़ेगा। लेकिन यह जीवन की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में लगभग 45 दिनों के भीतर स्क्रीनिंग अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं नशे से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

परियोजना के शुभारंभ के साथ ही आज SUHAAS परियोजना के अंतर्गत लांजी विकासखंड की छह ग्राम पंचायतों—बड़गांव (म), देवलगांव, केरेगांव, दहेगांव, फोफसा एवं साडरा में गैर-संचारी रोगों (NCD) की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों को घर-घर सर्वेक्षण, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, समय पर जांच एवं उपचार तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### जनपद सदस्य और सरपंच ने सीईओ को सौंपा शिकायती ज्ञापन

## उपसरपंच पर फर्जी दस्तावेज, मजदूरी घोटाले और सरकारी राशि दुरुपयोग का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

ग्राम पंचायत दिग्धा में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़े के आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले को लेकर महिला सरपंच समलो कंगाली और जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े ने जनपद पंचायत सीईओ और तिरोड़ी थाने में सोमवार को लिखित शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। जनपद सदस्य और सरपंच दोनों सोमवार को जनपद कार्यालय पहुंचे। महिला सरपंच ने सीईओ को बताया कि उपसरपंच दिलीप गुप्ता और पंच चंदन बोंबरडे ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर पंचायत के सभी बिलों और मस्टरों का भुगतान कर रहे हैं। सरपंच के अनुसार उपसरपंच और पंच उनका मोबाइल फोन अपने पास रख लेते हैं और ओटीपी लेकर सीधे भुगतान कर देते हैं। कब कौन सा काम चलता है, क्या सामान आता है, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जाती और अधिक सवाल-जवाब करने पर डराया-धमकाया जाता है कि फंसा देंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अनुसूचित वर्ग आगे बढ़े, लेकिन दिग्धा पंचायत में उन्हें ही उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उपसरपंच और पंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जनपद सदस्य और सरपंच से मिली शिकायतों पर सीईओ ने जांच कराने का भरोसा दिया है। उन्होंने एक टीम भी गठित कर दी है।



### जनपद सदस्य ने 4 बिंदुओं जांच कराने की रखी मांग-

जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े ने भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अलग से एक आवेदन पत्र सौंपा है। इसमें ग्राम पंचायत दिग्धा में घोर अनियमितता व लापरवाही का उल्लेख है। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया है कि उपसरपंच दिलीप गुप्ता द्वारा अनुसूचित जाति की महिला सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर बिलों/मस्टरों का भुगतान किया जा रहा है। इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है ताकि महिला सरपंच के अधिकार सुरक्षित रहें। वर्ष 2024-2025 और 2025-2026 में मनरेगा योजना से निर्मित मिनाक्षी तालाबों उषा/निलमचंद पारधी, प्रमोद बावने, परमानंद जगजीवन और अन्य 1 मिनाक्षी तालाब में जेसीबी से काम कराया गया। लेकिन प्रत्येक मस्टर में 30-35 लेबरों के नाम से फर्जी भुगतान दर्शाया गया है। मजदूरों से पूछताछ पर घोटाला सामने आ जाएगा।

गांव के बस स्टैंड पर बना शौचालय मानक प्राक्कलन के अनुसार नहीं बनाया गया है। कार्य गुणवत्ताविहीन है और उससे अधिक भुगतान किया गया है। वर्ष 2025-2026 और 2026-2027 में 15वें वित्त और 5वें वित्त से किए गए सभी कार्यों की सूक्ष्म जांच कराई जाए। जनपद सदस्य ने मांग की है कि पंचायत की बिंदुवार अनियमितताओं की जांच हो ताकि सरकारी योजनाओं और राशि का सही उपयोग हो सके। साथ ही सरकारी राशि का दुरुपयोग करने वाले उपसरपंच दिलीप गुप्ता और उनके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है-

सरपंच और जनपद सदस्य से शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है।

**गायत्री कुमार सारथी**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी कटंगी**

